प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

8 जून 2026

# 2025-26 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान भारत के भुगतान संतुलन की गतिविधियां

चौथी तिमाही अर्थात् जनवरी-मार्च 2025-26 के लिए भारत के भुगतान संतुलन (बीओपी) से संबंधित प्रारंभिक आंकड़े, विवरण I और II में प्रस्तुत किए गए हैं।

## 2025-26 की चौथी तिमाही में भारत के बीओपी की मुख्य विशेषताएं

- भारत का चालू खाता अधिशेष 2025-26 की चौथी तिमाही में 7.1 बिलियन अमरीकी डॉलर (जीडीपी का 0.7 प्रतिशत) रहा, जबकि 2024-25 की चौथी तिमाही में यह 13.7 बिलियन अमरीकी डॉलर (जीडीपी का 1.4 प्रतिशत) था (तालिका 1)[1,2]
- 2025-26 की चौथी तिमाही में वाणिज्य वस्तु व्यापार घाटा 83.4 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो 2024-25 की चौथी तिमाही के 59.3 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक था।
- 2025-26 की चौथी तिमाही में निवल सेवा प्राप्तियां एक वर्ष पहले के 53.3 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 60.4 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गईं।
- कंप्यूटर सेवाओं और अन्य कारोबारी सेवाओं जैसी प्रमुख श्रेणियों में सेवाओं के निर्यात में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर बढ़ोतरी हुई है।
- प्राथमिक आय खाते पर शुद्ध व्यय, जो मुख्य रूप से निवेश आय के भुगतान को दर्शाती है, 2025-26 की चौथी तिमाही में घटकर 11.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई, जबकि 2024-25 की चौथी तिमाही में यह 11.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी।
- द्वितीयक आय खाते के अंतर्गत व्यक्तिगत धन अंतरण प्राप्तियाँ, जो मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा किए गए विप्रेषण का प्रतिनिधित्व करती हैं, 2025-26 की चौथी तिमाही में बढ़कर 43.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गईं, जबकि 2024-25 की चौथी तिमाही में यह 33.9 बिलयन अमेरिकी डॉलर थी।
- वित्तीय लेखा में, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) ने 2025-26 की चौथी तिमाही में 4.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल अंतर्वाह दर्ज किया, जो 2024-25 की चौथी तिमाही में 0.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।
- 2025-26 की चौथी तिमाही में विदेशी संविभाग निवेश (एफपीआई) में 12.0 बिलयन अमेरिकी डॉलर का निवल बहिर्वाह दर्ज किया गया, जो 2024-25 की चौथी तिमाही में 5.9 बिलयन अमेरिकी डॉलर के बहिर्वाह से अधिक है।

---

[1] सीमा शुल्क के आंकड़ों में वस्तु आयात के ऊर्ध्वगामी संशोधन के कारण 2025-26 की तीसरी तिमाही के लिए चालू खाता घाटा 13.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) से संशोधित होकर 15.5 अरब अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.5 प्रतिशत) हो गया है।

[2] दीर्घावधि समय शृंखला आंकड़ों के लिए, कृपया देखें: DBIE (https://data.rbi.org.in) › Statistics › External Sector › International Trade › Quarterly/Yearly।

- अनिवासी जमा (एनआरआई जमा) ने 2025-26 की चौथी तिमाही में 3.3 बिलयन अमेरिकी डॉलर का निवल अंतर्वाह दर्ज किया, जो 2024-25 की चौथी तिमाही में 2.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।
- भारत में बाह्य वाणिज्यिक ऋण (ईसीबी) के तहत निवल अंतर्वाह 2025-26 की चौथी तिमाही में 3.6 बिलयन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2024-25 की चौथी तिमाही में यह 7.5 बिलयन अमेरिकी डॉलर था।
- 2025-26 की चौथी तिमाही में विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि में 7.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (बीओपी के आधार पर) की वृद्धि हुई, जबकि 2024-25 की चौथी तिमाही में 8.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई थी (तालिका 1)।

**2025-26 के दौरान भारत के बीओपी की मुख्य विशेषताएं**

- भारत का चालू खाता घाटा 2025-26 में 25.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 0.6 प्रतिशत) था, जबकि 2024-25 के दौरान यह 22.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 0.6 प्रतिशत) था (तालिका 1)।
- 2025-26 में 312.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर की निवल अदृश्य प्राप्तियां[3] एक वर्ष पहले 264.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक थीं, जिसका मुख्य कारण निवल सेवा प्राप्तियों और निवल व्यक्तिगत अंतरण रहा।
- निवल एफडीआई अंतर्वाह 2024-25 में 1.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 2025-26 में बढ़कर 6.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।
- एफपीआई ने 2025-26 में 16.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल बहिर्वाह दर्ज किया, जबकि एक वर्ष पहले 3.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल अंतर्वाह हुआ था।
- 2025-26 में, विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि 23.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर (बीओपी आधार पर) कम हो गया, जबकि एक वर्ष पहले यह 5.0 बिलयन अमेरिकी डॉलर कम हुआ था।

[3] निवल अदृश्य प्राप्तियों में सेवाएं, प्राथमिक आय और द्वितीयक आय खाते शामिल होते हैं।

| तालिका 1: भारत के भुगतान संतुलन की प्रमुख मदें | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (बिलियन अमेरिकी डॉलर) | | | | | | | | | | | | |
| | जनवरी-मार्च 2025 पीआर | | | जनवरी-मार्च 2026 पी | | | 2024-25 पीआर | | | 2025-26 पी | | |
| | जमा | नामे | निवल | जमा | नामे | निवल | जमा | नामे | निवल | जमा | नामे | निवल |
| क. चालू खाता | 265.1 | 251.4 | 13.7 | 280.5 | 273.4 | 7.1 | 1018.6 | 1041.6 | -22.9 | 1077.8 | 1103.0 | -25.2 |
| 1. वस्तु | 116.4 | 175.8 | -59.3 | 113.1 | 196.6 | -83.4 | 442.1 | 729.0 | -286.9 | 446.1 | 783.4 | -337.3 |
| जिसमें से: | | | | | | | | | | | | |
| पीओएल | 14.1 | 44.3 | -30.2 | 12.3 | 38.6 | -26.3 | 63.4 | 185.8 | -122.4 | 53.8 | 173.9 | -120.1 |
| 2. सेवाएं | 102.0 | 48.7 | 53.3 | 111.1 | 50.7 | 60.4 | 387.6 | 198.7 | 188.8 | 421.3 | 204.7 | 216.6 |
| 3. प्राथमिक आय | 11.9 | 23.8 | -11.9 | 12.0 | 23.2 | -11.1 | 53.4 | 101.7 | -48.3 | 55.0 | 103.2 | -48.2 |
| 4. द्वितीयक आय | 34.7 | 3.2 | 31.5 | 44.3 | 3.0 | 41.3 | 135.6 | 12.1 | 123.5 | 155.3 | 11.7 | 143.6 |
| ख. पूंजी लेखा और वित्तीय लेखा | 255.9 | 270.3 | -14.4 | 477.9 | 486.3 | -8.4 | 1156.2 | 1134.7 | 21.5 | 1640.0 | 1614.6 | 25.4 |
| जिसमें से: | | | | | | | | | | | | |
| 1. प्रत्यक्ष निवेश | 18.5 | 18.1 | 0.4 | 22.5 | 18.3 | 4.2 | 84.2 | 83.2 | 1.0 | 98.3 | 91.4 | 6.9 |
| 2. पोर्टफोलियो निवेश | 126.0 | 131.8 | -5.9 | 126.2 | 138.3 | -12.0 | 639.3 | 635.8 | 3.6 | 593.7 | 610.1 | -16.4 |
| 3. अन्य निवेश | 106.3 | 98.9 | 7.4 | 320.4 | 304.1 | 16.2 | 370.4 | 336.0 | 34.3 | 885.3 | 849.6 | 35.7 |
| जिसमें से: | | | | | | | | | | | | |
| एनआरआई जमाराशियाँ | 26.3 | 23.5 | 2.8 | 28.8 | 25.5 | 3.3 | 104.5 | 88.4 | 16.2 | 101.8 | 87.4 | 14.4 |
| भारत को ईसीबी | 15.8 | 8.3 | 7.5 | 10.0 | 6.4 | 3.6 | 48.0 | 29.5 | 18.5 | 35.7 | 21.5 | 14.2 |
| 4. आरक्षित आस्तियाँ [वृद्धि (-)/कमी (+)] | 0.0 | 8.8 | -8.8 | 0.0 | 7.2 | -7.2 | 37.7 | 32.6 | 5.0 | 35.3 | 11.7 | 23.6 |
| ग. भूल-चूक (-) (क+ख) | 0.8 | 0.0 | 0.8 | 1.3 | 0.0 | 1.3 | 1.4 | 0.0 | 1.4 | 0.0 | 0.1 | -0.1 |
| पीआर: आंशिक रूप से संशोधित; और पी: प्रारंभिक। | | | | | | | | | | | | |
| नोट: पूर्णांकन के कारण उप घटकों का योग कुल योग से भिन्न हो सकता है। | | | | | | | | | | | | |

**(ब्रिज राज)**

मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/412**